# नव भारत

1934 से



5 अमेरिका संग वार्तालाप रही सार्थक


6 कर्मों से बनता है व्यक्तित्व, शब्दों से नहीं



7 एफपीआई की 25,472 करोड़ की निकासी


8 साइकिल चलाना सिर्फ व्यायाम नहीं, बल्कि एक आंदोलन है


# 13वें दिन दोबारा पोस्टमार्टम

## ट्विशा का भदभदा विश्राम घाट पर हुआ अंतिम संस्कार

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 24 मई. बहुचर्चित ट्विशा शर्मा की मौत के 13वें दिन उनके शव का रविवार को दोबारा पोस्टमार्डम किया गया. दिल्ली से आई एम्स की चार सदस्यीय टीम ने करीब 3 घंटे तक पीएम किया. इसके बाद देर शाम को ट्विशा के शव का उनके मायके पक्ष के लोगों ने भदभदा विश्राम घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया. ट्विशा के भाई हर्षित शर्मा ने मुखाग्नि दी.**

अंतिम संस्कार के दौरान ट्विशा के पिता नवनिधि शर्मा, उनकी मां सहित परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल रहा. इस मौके पर ट्विशा के ससुराल पक्ष के लोग नजर नहीं आए. पूर्व जज गिरिबाला सिंह और ट्विशा के वकील पति समर्थ सिंह भदभदा घाट पर नहीं पहुंचे. इस मौके पर रिटायर्ड सैनिक सहित शहर के लोग भी मौजूद रहे.

जानकारी के मुताबिक शव का पीएम होने के बाद दिल्ली एम्स से आई टीम 3 बाक्स में सैंपल लेकर भोपाल से चली गई है. अब पीएम रिपोर्ट आ जाने के बाद ही ट्विशा की मौत के सही कारणों का खुलासा हो पाएगा. ट्विशा की मौत के मामले में पिता नवनिधि शर्मा ने मामले की जांच जल्द से जल्द सीबीआई को सौंपने की बात कही है. मामले में सुप्रीम कोर्ट और राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी स्वत: संज्ञान लिया है. 25 मई सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में ट्विशा शर्मा की मौत के मामले में सुनवाई होगी.



इधर ट्विशा की मौत के मामले में वकील पति समर्थ सिंह अब 7 दिन तक पुलिस रिमांड पर है. ट्विशा की मौत कैसे हुई पुलिस इस मामले की पूरी कडियां जोड़ने में जुटी है. हाईप्रोफाइल ट्विशा की मौत के मामले में हत्या और आत्महत्या के संदेह पर अब जल्द ही पर्दाफाश हो सकेगा.

बता दें कि कटारा हिल्स बागमुगलिया एक्सटेंशन निवासी ट्विशा शर्मा की मौत का मामला बीते 12 मई को सामने आया. सास और पति समर्थ ने ट्विशा को एम्स पहुंचाया था. घटना की सूचना मिलने पर कटारा हिल्स थाना पुलिस मौके पर पहुंची. ट्विशा की मौत की खबर सुनते ही नोयड़ा में रहने वाले उनके मायके पक्ष के लोग भोपाल पहुंचे और ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए. ट्विशा के मायेक पक्ष के लोगों का आरोप है कि घटना वाले दिन सास और पूर्व जज गिरिबाला सिंह ने करीब 46 हाईप्रोफाइल लोगों को फोन लगाया था.

> जानकारी यह भी सामने आई कि गिरिबाला सिंह की बहन भी इस मौके पर एम्स में मौजूद थी. इससे अब गिरिबाला सिंह पर संदेह की सूई अटकी है. ट्विशा की सास और पति समर्थ की तरफ से इसे आत्महत्या बताया गया, जबकि मायके पक्ष के लोगों ने इस हत्या का मामला बताते हुए आरोप लगाया. परिजनों की ही मांग पर हाईकोर्ट से मिले निर्देश के बाद ट्विशा के शव का 12 दिन बाद दोबार पीएम कराया गया. पिता नवनिधि शर्मा की सीएम मोहन यादव से मुलाकात के बाद मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गई.

AMITY UNIVERSITY GWALIOR

B.Arch
Approved by CoA

AND
- Bachelor of Interior Design
- Master of Interior Design
- M. Plan# (Urban & Regional Planning)

#(Approved by ITPI) | Lateral Entry progs also offered

| Scholarships | 100% | 50% | 25% |
|---|---|---|---|
| **UG Programmes** | | | |
| 12th (agg.) | 93% | 88% | 70% |
| **PG Programmes (Non-MBA)** | | | |
| 12th (agg.) | 93% | 88% | - |
| Graduation (agg.) | 80% | 75% | - |

Above scholarships offered across all disciplines

To apply visit:
amity.edu/gwalior
by: 29th May 2026
7303-872-872

Futuristic Design Pathways
- Hi-end design & materials lab and software platforms like GIS Tools, GeoMedia & GeoMedia Professional, BIM-Autodesk Revit, Civil 3D, AutoCAD, Map 3D, SketchUp Pro, ArcGIS, V-Ray, Lumion...
- Hands-on learning with 3D printing, model making & digital fabrication
- On-campus Centre for Excellence for Gwalior as a Smart City
- On-campus placements in top architecture designing firms and builders like Dutta Kannan Architects, The Design Studio, TOD Innovations, Living Aura Interior, PAN Architecture, Cube Collective, Interior World...
- Ranked #1 in Madhya Pradesh (Pvt) '26 by QS Southern Asia
- Ranked #1 in Madhya Pradesh (Pvt) '25- India's Best Universities by The Week-Hansa
- Optional Study Abroad Program in New York, Singapore, London or Dubai to study international design ethos and globally benchmarked sustainability standards, amongst other academic contours

Maharajpura, Gwalior (Opp. Airport) | E: admissions@gwa.amity.edu

## एक नजर में




### अलीगढ़ में खेत में उतरा ट्रेनिंग एयरक्राफ्ट

**अलीगढ़.** उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले में रविवार सुबह उस समय बड़ा हवाई हादसा टल गया, जब धनीपुर एयरपोर्ट से उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद एक ट्रेनिंग एयरक्राफ्ट में तकनीकी खराबी आ गई.इंजन में अचानक आई खराबी के कारण विमान हवा में ही असंतुलित होने लगा, लेकिन दोनों ट्रेनी पायलटों ने धैर्य और सूझबूझ का परिचय देते हुए विमान को सुरक्षित खेत में उतार दिया.इस घटना में दोनों पायलट पूरी तरह सुरक्षित हैं।जानकारी के अनुसार पायनियर एविएशन कंपनी का टू-सीटर ट्रेनिंग एयरक्राफ्ट रविवार सुबह करीब 10 बजे नियमित प्रशिक्षण उड़ान के लिए धनीपुर एयरपोर्ट से रवाना हुआ था. उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही विमान के इंजन और तकनीकी सिस्टम में खराबी आने लगी.

### सुरक्षा बलों की आतंकियों से मुठभेड़


**श्रीनगर.** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में आतंकवाद-विरोधी अभियान रविवार को दूसरे दिन में प्रवेश कर गया. छिपे हुए आतंकियों का पता लगाने के लिए भारी सुरक्षा बल तैनात रहे. शनिवार को जंगल वाले इलाके में उस वक्त मुठभेड़ शुरू हो गई, जब छिपे हुए आतंकियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी कर दी. आतंकियों की गोलीबारी का जवाब दिया गया, जिसके बाद वहां मुठभेड़ शुरू हो गई. सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ सहित सुरक्षा बलों ने राजौरी जिले के गम्भीर मुगलन के जंगलों में 2-3 आतंकियों की मौजूदगी के बारे में मिली खुफिया जानकारी के बाद इलाके में मिलकर आतंकवाद-विरोधी अभियान शुरू किया. सेना ने कहा, आज सुबह करीब 11:30 बजे जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ के साथ मिलकर चलाए गए. एक इंटेलिजेंस-आधारित संयुक्त ऑपरेशन के दौरान, गंभीर मुगलन, राजौरी के इलाके में दोनों ओर से गोलीबारी शुरू हो गई.

## गुस्ताखी माफ




# 5 लाख से अधिक विद्यार्थी हुए शामिल

## यूपीएससी प्रीलिम्स 2026 : परीक्षा केंद्रों पर रही सख्त निगरानी



**नई दिल्ली, 24 मई. संघ लोक सेवा आयोग ( यूपीएससी ) ने रविवार को देश के 83 शहरों में बने 2,072 केंद्रों पर सिविल सेवा ( प्रारंभिक ) परीक्षा-2026 का आयोजन किया, जिसमें करीब 5.49 लाख उम्मीदवार शामिल हुए.**

आयोग द्वारा जारी अनंतिम आंकड़ों के अनुसार, इस परीक्षा के लिए कुल 8 लाख,19 हजार, 732 उम्मीदवारों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से लगभग 67 प्रतिशत उम्मीदवार परीक्षा में उपस्थित हुए। इसके विपरीत, सिविल सेवा परीक्षा-2025 में लगभग 9.5 लाख आवेदकों में से करीब 61 प्रतिशत उपस्थित हुए थे.

> यूपीएससी ने बताया कि फर्जी उम्मीदवारों को रोकने और परीक्षा प्रक्रिया की शुचिता को मजबूत करने के लिए पहली बार सभी परीक्षा केंद्रों पर रियल-टाइम फेस ऑथेंटिकेशन% (चेहरा पहचानने वाली) तकनीक लागू की गई थी। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस डिवीजन (एनईजीडी) द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित यह प्रणाली सभी केंद्रों पर सफलतापूर्वक संचालित हुई।यूपीएससी के अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार ने परीक्षा के सुचारू संचालन पर संतोष व्यक्त किया.

# बलूचिस्तान में आत्मघाती हमले में 30 की मौत

**जाफर एक्सप्रेस के डिब्बे पटरी से उतरे, लगी आग**

**क्वेटा में धमाके से 82 घायल, बड़ा आतंकी हमला**

**इस्लामाबाद, 24 मई. पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में रविवार को हुए एक बड़े आत्मघाती हमले ने पूरे देश को दहला दिया.क्वेटा में रेलवे ट्रैक के पास हुए विस्फोट की चपेट में जाफर एक्सप्रेस आ गई, जिससे कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई और 82 से अधिक लोग घायल हो गए.धमाका इतना शक्तिशाली था कि ट्रेन के कई डिब्बे पटरी से उतर गए और मौके पर अफरा-तफरी मच गई।**



> फिलहाल किसी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन सुरक्षा एजेंसियां इसे आतंकवादी हमला मान रही हैं. जाफर एक्सप्रेस पाकिस्तान रेलवे की प्रमुख लंबी दूरी की ट्रेनों में शामिल है और यह बलूचिस्तान समेत कई संवेदनशील इलाकों से होकर गुजरती है.पिछले कुछ वर्षों में इस ट्रेन को कई बार निशाना बनाया जा चुका है.बलूचिस्तान में सक्रिय बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) पर पहले भी रेलवे ट्रैक, सुरक्षा बलों और सरकारी प्रतिष्ठानों पर हमलों के आरोप लगते रहे हैं.

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार जाफर एक्सप्रेस क्वेटा कैंट की ओर जा रही थी, तभी रेलवे ट्रैक के पास जोरदार विस्फोट हुआ.धमाके के तुरंत बाद ट्रेन के पास आग लग गई और कई डिब्बे बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए.

विस्फोट की आवाज दूर-दूर तक सुनी गई, जबकि आसपास की इमारतों के शीशे भी टूट गए।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, फायर ब्रिगेड, रेस्क्यू टीम और सुरक्षा बल मौके पर पहुंचे.बचावकर्मियों ने घायलों को बाहर निकालकर नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया.कई घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिसके कारण मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।बलूचिस्तान सरकार के गृह मामलों के विशेष सहायक बाबर यूसुफजई ने कहा कि पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है और सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है.उन्होंने लोगों से घटनास्थल के आसपास भीड़ न लगाने की अपील की.

# भीषण गर्मी से तपा देश

## लू बनी जानलेवा, तेलंगाना में 16 मौतें



**नई दिल्ली, 24 मई. देशभर में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है.उत्तर, मध्य और पश्चिम भारत के कई राज्य इस समय आग उगलती गर्मी से जूझ रहे हैं.भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने चेतावनी दी है कि मई के अंत तक गर्मी और लू का यह खतरनाक दौर जारी रह सकता है.** तेलंगाना में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप लगातार खतरनाक होता जा रहा है. राज्य के कई जिलों में तापमान रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गया है, जिसके चलते अब तक कम से कम 16 लोगों की संदिग्ध हीट स्ट्रोक से मौत हो चुकी है.

कई राज्यों में तापमान 45 से 47 डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंच चुका है, जिससे जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है. महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र का ब्रह्मपुरी इस समय देश का सबसे गर्म इलाका बन गया है, जहां अधिकतम तापमान 47.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया.इसके अलावा दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान के कई हिस्सों में पारा 45 डिग्री के पार पहुंच चुका है.राजस्थान का चित्तौड़गढ़ 44.2 डिग्री सेल्सियस के साथ राज्य का सबसे गर्म शहर रहा.

# व्हाइट हाउस के बाहर ताबड़तोड़ फायरिंग



**30 राउंड फायरिंग से वॉशिंगटन में दहशत**

**40 मिनट तक लॉकडाउन जैसे रहे हालात**

**वॉशिंगटन, 24 मई. वॉशिंगटन, 24 मई. अमेरिका के व्हाइट हाउस के पास शनिवार देर रात हुई गोलीबारी ने पूरे देश को हाई अलर्ट कर दिया. घटना वॉशिंगटन डीसी के स्ट्रीट और पेनसिल्वेनिया एवेन्यू एनडब्ल्यू इलाके में हुई, जो व्हाइट हाउस से करीब एक ब्लॉक दूर है.**

उस समय राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प व्हाइट हाउस के अंदर मौजूद थे.सुरक्षा एजेंसियों के मुताबिक संदिग्ध हमलावर ने सिक्योरिटी चेकपॉइंट के पास करीब 30 राउंड फायरिंग की, जिसके बाद सीक्रेट सर्विस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए उसे गोली मार दी.अस्पताल ले जाने पर उसकी मौत हो गई. मृत हमलावर की पहचान 21 वर्षीय नासिर बेस्ट के तौर पर हुई है.रिपोर्ट्स के मुताबिक वह मैरीलैंड का निवासी था और मानसिक रूप से अस्थिर बताया जा रहा है.अधिकारियों के अनुसार वह पहले भी कई बार व्हाइट हाउस के आसपास संदिग्ध गतिविधियों में देखा जा चुका था.उसके खिलाफ कोर्ट का आदेश भी जारी था कि वह व्हाइट हाउस के प्रतिबंधित क्षेत्र के आसपास न आए, लेकिन उसने आदेश की अनदेखी की. मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि गिरफ्तारी के दौरान वह खुद को आज का जीजस बताता था.



# तकनीक और सुरक्षा पर हुई बातचीत : डोभाल

- भारत और अमेरिका में कई मुद्दों पर हुई चर्चा
- क्षेत्रीय और वैश्विक चुनौतियों पर रणनीति बनाने पर फोकस

**नई दिल्ली, 24 मई. भारत और अमेरिका के बीच बढ़ती रणनीतिक साझेदारी के बीच रविवार को एक अहम उच्चस्तरीय बैठक हुई.**

अमेरिकी विदेश मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मार्को रुबियो ने भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से मुलाकात कर रक्षा, सुरक्षा और रणनीतिक तकनीक से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इस बैठक की जानकारी साझा की.

> - जायसवाल के अनुसार, दोनों नेताओं के बीच हुई बातचीत का मुख्य केंद्र रक्षा सहयोग, सुरक्षा साझेदारी और रणनीतिक तकनीक से जुड़े मुद्दे रहे. बैठक में 'ट्रस्ट' पहल पर भी चर्चा हुई, जिसे भारत और अमेरिका के बीच तकनीकी और रणनीतिक सहयोग को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है.
> - दोनों पक्षों ने इस बात पर जोर दिया कि भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी आने वाले समय में और मजबूत होगी.
> - बैठक के दौरान क्षेत्रीय और वैश्विक चुनौतियों पर भी गहन विचार-विमर्श किया गया। माना जा रहा है कि इंडो-पैसिफिक क्षेत्र की सुरक्षा, वैश्विक भू-राजनीतिक हालात और तकनीकी सहयोग जैसे विषयों पर दोनों देशों ने अपने दृष्टिकोण साझा किए.
> - बैठक में दोनों नेताओं ने इस बात को दोहराया कि भारत और अमेरिका के संबंध केवल द्विपक्षीय हितों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वैश्विक शांति, स्थिरता और विकास के लिए भी महत्वपूर्ण हैं. आने वाले समय में दोनों देशों के बीच रक्षा, तकनीक और रणनीतिक सहयोग के और विस्तार की संभावना जताई जा रही है.

**सम्मान** | पूर्व मुख्यमंत्री और युवा सांसदों का संसद रत्न में दबदबा

# 12 सांसदों को मिलेगा संसद रत्न पुरस्कार

**नई दिल्ली, 24 मई. देश की संसदीय परंपराओं और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने वाले सांसदों को सम्मानित करने के उद्देश्य से दिए जाने वाले संसद रत्न पुरस्कार 2025 की घोषणा कर दी गई है. इस वर्ष कुल 12 सांसदों और 4 संसदीय समितियों को इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए चुना गया है.**

यह चयन सांसदों के संसदीय प्रदर्शन, जनता से जुड़े मुद्दों को प्रभावी तरीके से उठाने और विधायी प्रक्रियाओं में सक्रिय भागीदारी के आधार पर किया है। इन सांसदों ने संसद में बहस, प्रश्नकाल और समितियों में सक्रिय भूमिका निभाकर अपनी अलग पहचान बनाई है. सिर्फ सांसद ही नहीं, बल्कि इस बार चार संसदीय समितियों को भी उनके प्रभावशाली कार्यों के लिए सम्मानित किया जाएगा.इनमें चरणजीत सिंह चन्नी की अध्यक्षता वाली कृषि समिति, भतृहरि महताब के नेतृत्व वाली वित्त समिति, सप्तगिरी शंकर उलाका की ग्रामीण विकास और पंचायती राज समिति तथा अनुराग ठाकुर की कोयला और खान समिति शामिल हैं.



**इन्हें मिलेगा संसद रत्न सम्मान 2025 ...**

| क्रमांक | सांसद का नाम | राज्य | पार्टी |
|---|---|---|---|
| 1 | जगदंबिका पाल | उत्तर प्रदेश | भाजपा |
| 2 | प्रवीन पटेल | उत्तर प्रदेश | भाजपा |
| 3 | पीपी चौधरी | राजस्थान | भाजपा |
| 4 | लुंबाराम चौधरी | राजस्थान | भाजपा |
| 5 | निशिकांत दुबे | झारखंड | भाजपा |
| 6 | विद्युत वरण महतो | झारखंड | भाजपा |
| 7 | डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे | महाराष्ट्र | शिवसेना |
| 8 | डॉ. हेमंत विष्णु सावरा | महाराष्ट्र | भाजपा |
| 9 | स्मिता उदय वाघ | महाराष्ट्र | भाजपा |
| 10 | नरेश गणपत म्हस्के | महाराष्ट्र | शिवसेना |
| 11 | डॉ. मेधा विश्राम कुलकर्णी | महाराष्ट्र | भाजपा |
| 12 | नरहरि अमीन | गुजरात | भाजपा |